Title: Need to appoint a Radiation Officer in Lala Lajpat Rai Medical College, Meerut, Uttar Pradesh.-laid

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत उपलब्ध संसाधनों द्वारा मेरठ के लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज में 150 करोड़ रूपये की लागत से सुपर स्पेशलिटी ब्लाक का निर्माण कराया गया है। यहाँ कैंसर इत्यादि रोगों के इलाज का प्रावधान भी किया गया है। कैंसर के मरीजों की रेडियोथेरेपी चिकित्सा किये जाने के लिए यहाँ कोबाल्ट 60 को स्थापित किया गया तथा मई, 2022 से रेडियोथेरेपी भी रोगियों को उपलब्ध करायी जाने लगी। कैंसर पीड़ितों की प्राण रक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण यह सेवा विकिरण अधिकारी के 30 जून, 2022 को सेवानिवृत्त हो जाने के बाद से बंद पड़ी है। परिणामस्वरूप, कैंसर रोगियों को अत्यंत महंगी इस चिकित्सा के लिए अन्य स्थानों पर भटकना पड़ता है तथा आर्थिक दृष्टि से कमजोर रोगी अपनी चिकित्सा करा ही नहीं पा रहे हैं। इस कारण से लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी ब्लाक बनाये जाने का उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरठ के लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज में विकिरण अधिकारी की शीघ्र व्यवस्था की जाए ताकि कैंसर पीड़ितों को रेडियोथेरेपी चिकित्सा उपलब्ध हो सके।